BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 24 अगस्त, 2024 **थाना कोतवाली नगर**

हत्या के मुकदमें में अभियुक्त का नाम निकलवाने के नाम पर ठगी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से ठगी किये गये 04 लाख 74 हजार रुपये नकद बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 15.04.2024 को वादी आसिफ पुत्र हाजी अनवार निवासी ग्राम महौली थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना गुलावठी पर सूचना दी गयी कि उसके चाचा ईशाक पुत्र आशिफ व चाची जमीला पत्नी ईशाक निवासीगण गांव महौली थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर की गांव के कुछ लोगों द्वारा लाठी डन्डा व फरसा से वार कर हत्या कर दी गई थी। इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं-126/24 धारा 147/148/149/323/307/302/452/504/506/308 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग में कई अभियुक्त नामजद थे जिनमें अभियुक्त नाजिम पुत्र यामीन निवासी ग्राम महौली थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर भी नामजद था। इस सम्बन्ध में अभियुक्त नाजिम के जीजा याशीन पुत्र शौकीन निवासी देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड द्वारा थाना गुलावठी पर सम्पर्क किया गया तो थाना गुलावठी के पास याशीन उपरोक्त को मोबिन, अबलू हसन व एक अन्य व्यक्ति मिला, जनके द्वारा अपनी जान-पहचान थाना गुलावठी पुलिस व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर से होना बताया तथा अभियुक्त नाजिम का नाम उक्त अभियोग से निकलवाने व विपक्षीगण के विरुद्ध मुकदमा लिखाने के नाम पर याशीन उपरोक्त से 09 लाख रुपये ले लिये तथा वापस मांगने पर अभियुक्त नाजिम का एनकाउंटर कराने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-731/24 धारा 420,386,411 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के क्रम में दिनांक 23-08-2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त मोबिन व अबलू हसन को 04 लाख 74 हजार रुपये सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो कों न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों नाम पता-

1. मोबिन पुत्र महमूद निवासी मेन बाजार शक्को वाली गली कस्बा व थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद।
2. अबलू हसन पुत्र अहमद हसन निवासी दरोगा चाय वाला के पास कस्बा व थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी का विवरण:-

1. 04 लाख 74 हजार रुपये नकद (ठगी किये गये)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर
2. उ0नि0 रघुवीर सिंह, उ0नि0 मुनेशपाल सिंह, उ0नि0 यूटी हर्ष मिश्रा
3. है0का0 कृष्णपाल सिंह

मीडिया सेल, बुलंदशहर